
# संकल्प-पत्र

सीहोर स्थानीय निकाय सामान्य
निर्वाचन 2022



चमकेगा सीहोर...
निखरेगा सीहोर...

नागरिकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने हेतु कृत संकल्पित

## सीहोर भाजपा

# सीहोर स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022

## नागरिको को विश्वस्तरीय सुविधाये देने हेतु कृत संकल्पित सीहोर भाजपा

अपनो से मन की बात

भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार निरन्तर विकास के अभियान में जुटी हुई है विकास अब राजनीति का मुहावरा नहीं बल्कि देश का मिशन बन चुका है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्मार्ट सिटी और स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से साफ, सुंदर और व्यवस्थित नगरो का विकास किया है सीहोर में भी इसी स्वच्छ भारत अभियान के परिणाम स्वरूप आधुनिक सुव्यवस्थित नगर प्रदेश को गौरवान्वित कर रहा है भाजपा सरकार के नेतृत्व में कोरोना जैसी महामारी की विभीषका को झेलते हुये भी विकास की गति को थमने नहीं दिया तथा विकास के नये आयाम स्थापित किये आगे भी जब केन्द्र से लेकर नगर तक भाजपा की सरकारे होगी तब विकास की गति और तीव्र होगी कुछ ही दिनों में आप अपनी नगर सरकार का चयन करने वाले है आज हम आपसे केवल कमल का बटन दबाना है और फिर हमें विकास का वचन पूर्ण कर सीहोर को आगे बढ़ाना है हमारी प्राथमिका सीहोर के हर वार्ड का सर्वांगीण विकास है। भाजपा को मत देकर सीहोर की विकास गाथा के सहभागी बने।

भाजपा का यही विश्वास, समृद्ध सीहोर लक्ष्य विकास

निवेदक
भारतीय जनता पार्टी सीहोर

## सीहोर शहर विकास की बात :-

1. सीहोर नगर में प्रतिदिन समय पर पर्याप्त पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करना।
2. नर्मदा का जल सीहोर नगर में पेयजल के रूप में प्रदान ( कार्य प्रगति पर है )
3. नगर में बहने वाले नाले का गहरीकरण और रिटर्निंग वॉल का निर्माण।
4. श्री गणेश मंदिर धाम पर महाकाल जी और सलकनपुर की तर्ज पर ट्रस्ट का निर्माण कर भव्य और विशाल रूप में विकसित करना।
5. जिला अस्पताल में 300 अतिरिक्त बेड के साथ 20 करोड़ की लागत से विस्तार कार्य।
6. शहर में हर मार्ग का निर्माण, सैकड़ाखेड़ी मार्ग, हाउसिंग बोर्ड से चौपाल सागर तक बने फोरलेन की तरह शहर की सड़को का निर्माण व उसमें विद्युत सजावट
7. शहर के मध्य में स्थित पुलो को नव निर्माण, जिस प्रकार टाउन हॉल के सामने अस्पताल के पास सीवन नदी पर बना पुल।
8. बड़ियाखेड़ी औघोगिक क्षेत्र को और विकसित करना एवं सीहोर नगर में नये उद्योग स्थापित करना जिसमें स्थानीय लोगो को रोजगार मिले।
9. सीहोर नगर को भोपाल राजधानी का उप नगर बनाना।
10. सीहोर नगर में मेट्रो ट्रेन के विस्तार हेतु भोपाल नगर से जोड़ना।
11. सीहोर नगर में स्पोर्टस कॉम्पलेक्स खेल मैदान का निर्माण।
12. रेशम केन्द्र के पास 365.00 लाख की लागत से मल्टी परपज जिम व स्वीमिंग पुल का निर्माण जिसमें ओलपिंक स्टेडर्ड-बी का 21 25 मीटर का स्वीमिंग पुल 8 लेन के निर्माण कार्य होगा। मल्टी परपज जिमनेजियम एवं फूल कोर्ट का भी निर्माण होगा। जिससे शहर की तैराकी प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा साथ ही शहर के लोगो को फिटनेस एवं स्वास्थ्य सुविधा भी मिलेगी।

13. ठोस अपिशष्ट निपटान कार्य हेतु 8.35 करोड़ की लागत शहर के प्रतिदिन निकलने वाले 50 टन कचरे प्रोसेसिंग कार्य होगा। जिससे शहर सुन्दर एवं कचरा मुक्त बनाया जावेगा तथा स्वच्छ पर्यावरण भी निर्मित होगा।
14. टाउन हॉल के पास 411.43 लाख की लागत से 500 सीटर सुसज्जित ऑडीटोरियम हाल का निर्माण होगा जिसमें 500 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा के साथ स्टेज, साउण्ड, फिक्स चेयर, एकोस्टिकस की सुविधा एवं परिसर में लेण्ड स्केपिंग एवं पार्किंग की सुविधा भी होगी।
15. भोपाल नाके के पास 1.88 करोड़ की लागत से व्यवसायिक भवन का निर्माण कार्य होगा जिसमें 38 दुकानो के निर्माण के साथ ऊपरी तल पर मल्टीपरपस हॉल का निर्माण सुनियोजित तरीके से होगा जिससे आने वाले समय में शहर के युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा।
16. टाउन हॉल के पास लाखों की लागत से स्टापडेम का निर्माण होगा जिसमें टाउन हॉल के पास स्टाम डेम नाले का चौड़ीकरण एवं गहरीकरण का कार्य होगा जिसमें आने समय 1.50 करोड़ लीटर का पानी एकत्रित होगा जिससे जल भरण में वृद्धि के साथ ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज का कार्य भी करेगा।
17. मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का निर्माण कार्य जिसमें 25.00-25.00 लाख की लागत से शहर के लेवर कालोनी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं कस्बा क्षेत्र में तीन नये मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का निर्माण कार्य किया जावेगा। शहर के निवासियों को उनके निवास के पास ही चिकित्सा सुविधा का लाभ मिले इसको ध्यान में रखते हुऐ यह कार्य किये जावेगे। पूर्व में मात्र मण्डी क्षेत्र में यह सुविधा थी।
18. सीहोर शहर में अनेक स्थानों पर वाई-फाई जोन बनाना।
19. नगर के सभी चौराहो का सौन्दर्यकरण।
20. सीहोर रेल्वे स्टेशन का रेल यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुये विस्तार।
21. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास आर.ओ.बी. का निर्माण।
22. सीहोर नगर में सभी पार्को को अति सुन्दर बनाना और इन पार्को में मारनिंग वॉक हेतु वॉकिंग ट्रेक का निर्माण, साथ ही पार्क में बच्चों को खेलने के लिये झुले स्थापित करना।
23. नगर में सीवेज लाईन को सुव्यवस्थित रखने के साथ सुबह और रात को साफ सफाई और घर-घर कचरा कलेक्शन कराना।
24. नगर में वाहन खडे करने के लिये पार्किंग सुविधा।
25. नगर के खेल मैदानो को विकसित करना।
26. शहर में बहने वाली सीवन नदी के दोनो तरफ सौन्दर्यकरण घाट का निर्माण एवं वृक्षारोपण किया जावेगा।
27. श्रमिको के बच्चों के लिये पालन घर बनाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी।
28. शहर में गौशाला का निर्माण।
29. छावनी स्थित सब्जी मण्डी परिसर में शापिंग काम्लेक्स का निर्माण।



# मतदाताओं एवं नागरिकों से आह्वान

## चमकेगा सीहोर...
## निखरेगा सीहोर...



प्रिय मतदाता बंधुओं

शीघ्र ही आप शहरी सरकार चुनने हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। विगत् वर्षो में भाजपा सरकार ने नगर पालिका में जो विकास कार्य किए हैं, उससे सीहोर के विकास को गति मिली है। इसी के प्रतिसाद के स्वरूप हमें जनता का अपार आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। हमारे समस्त प्रत्याशी स्वच्छ छवि, सामाजिक पृष्ठ भूमि से हैं एवं सदैव जमीन से जुड़कर कार्य करने वाले कार्यकर्ता है। जिनका जुड़ाव जनमानस की आवश्यकताओं से पूर्ण परिचित होता है। हम सबने मिलकर सीहोर को स्वच्छता, नगरीय प्रशासन, शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर सकारात्मक छवि दिलाई है, इस गति को सीहोर भाजपा के समस्त प्रत्याशी भविष्य में भी सतत् जारी रखेंगे। इसलिए स्थानीय नेतृत्व का चुनाव करते समय आप अपना आशीर्वाद भाजपा के प्रत्याशी को देकर प्रदेश व सीहोर शहर के विकास को और गति दें।

आपका सेवक
**सुदेश राय**
विधायक सीहोर

प्रिय मतदाता बंधुओं

भाजपा सरकार का लक्ष्य नागरिकों का कल्याण एवं सर्वागीण विकास रहा है। हम सबने देखा है कि जिन नगरीय क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशियों को जनता ने चुना था उन क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। हमारा मूल उद्देश्य सीहोर को सबसे समृद्ध नगर बनाना है, ताकि विकास की धारा निरंतर बहती रहे। इस चुनावी वातावरण में जनता का अपार समर्थन भाजपा प्रत्याशियों के साथ है। आप सभी के आशीर्वाद स्वरूप भाजपा प्रत्याशी पुनः विकास आप तक पहुँचाने में सफल होगें।

आपका
**रवि मालवीय**
जिला अध्यक्ष भाजपा, सीहोर

मुद्रक : बंधन फ्लेक्स सीहोर
संख्या 2000